# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका, दुर्ग

Email: registrar@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone 0788-2359100

क्र. 1556/कुलसचिव कार्या. / 2023 दुर्ग, दिनांक 28/ 11 / 2023

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

विषयः– **हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में युवा उत्सव के आयोजन की तिथि दिनांक 30 नवंबर से बढ़ाकर 12 दिसंबर 2023 तक आयोजन विषयक।**

उपरोक्त विषयांतर्गत उल्लेख है हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों में युवा उत्सव 2023–24 का आयोजन किया जाना हैं प्रत्येक महाविद्यालय को सलंग्न दिशा–निर्देशों के अनुरूप निम्नलिखित विधाओं का आयोजन करना है। किसी भी विधा में भाग लेने वाले प्रतिभागी की अधिकतम आयु 25 वर्ष निर्धारित की गई हैं। प्रत्येक महाविद्यालय अपने–अपने महाविद्यालयों में युवा उत्सव 2023–24 का आयोजन **दिनांक 15 नवंबर से 12 दिसंबर 2023** के मध्य अनिवार्य रूप से करा लेवें। पूर्व में यह तिथि 30 नवंबर तक निर्धारित थी परन्तु छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की मतगणना में प्राध्यापकों की डयूटी के कारण अनेक महाविद्यालय के प्राचार्यों ने युवा उत्सव आयोजन की अंतिम तिथि में वृद्धि किये जाने हेतु विश्वविद्यालय में अनुरोध किया था। इसी पर संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजन की अंतिम तिथि में **12 दिसंबर** तक वृद्धि की गई है। युवा उत्सव के महाविद्यालय में आयोजन के पश्चात् प्रत्येक विधा के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों की सूची दिनांक **15 दिसंबर 2023** तक विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध करायें।

विश्वविद्यालय स्तर पर अंर्तमहाविद्यालयीन युवा महोत्सव का आयोजन दिसंबर–जनवरी में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आयोजक महाविद्यालयों में किया जायेगा। जिसकी सूचना पृथक से दी जावेंगी। किसी भी प्रकार की शंका समाधान हेतु विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। युवा उत्सव 2023–24 के अंतर्गत निम्नलिखित विधाओं में महाविद्यालय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | एकल गायन | 2 | SKIT |
| 3 | समूह गायन | 4 | On the Spot Painting |
| 5 | एकल शास्त्रीय नृत्य | 6 | Collage (कोलाज) |
| 7 | समूह लोकनृत्य / जनजाति नृत्य | 8 | Poster Making |
| 9 | क्विज | 10 | Rangoli |
| 11 | तात्कालिक भाषण (Elocution) | 12 | Mehandi |
| 13 | वाद–विवाद | | |

**श्री भूपेंद्र कुलदीप**
**कुलसचिव**

पृ.क्र. 1557 / 2023 दुर्ग, दिनांक 28 / 11 / 2023

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति महोदया एवं कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)।
2. कार्यालय फाईल।

28/11/23

**डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव**
**अधिष्ठाता छात्र कल्याण**
**हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग**